# साहित्य अकादमी के सचिव को फ्रेंड्स आफ पब्लिशिंग पुरस्कार




साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवासराव को फ्रेंड्स आफ पब्लिशिंग पुरस्कार से सम्मानित करतीं सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश हिमा कोहली और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्मृति इरानी ● सौजन्य साहित्य अकादमी

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: द फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स ने मंगलवार को पुस्तक प्रकाशन में उत्कृष्टता के लिए 44वें पुरस्कार समारोह में साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव को फ्रेंड्स आफ पब्लिशिंग पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार उन्हें भारतीय प्रकाशन उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है।

एक निजी होटल में आयोजित समारोह में पुरस्कार सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायधीश हिमा कोहली और पूर्व कैबिनेट मंत्री और राजनीतिज्ञ स्मृति इरानी द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित संस्कृत पत्रिका "संस्कृत प्रतिभा" को प्रथम पुरस्कार व हिंदी पत्रिका "समकालीन भारतीय साहित्य" को द्वितीय पुरस्कार और बाल साहित्य प्रकाशन के लिए भी द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।